# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# क्वारंटाइन सेंटर्स की बदहाली पर कोर्ट ने सरकार को लगाई फटकार

## प्रधानों को बजट उपलब्ध कराने के निर्देश

**निर्देश**

■स्थिति सुधार कर रिपोर्ट फाइल करने के निर्देश

**संवाददाता**

नैनीताल। हाईकोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के क्वॉरेंटाइन सेंटरों की निरीक्षण रिपोर्ट का संज्ञान लिया। रिपोर्ट में ग्रामीण क्षेत्रों के क्वॉरेंटाइन सेंटर्स की बदहाली, साफ–सफाई का समुचित प्रबंध न होना और की उचित व्यवस्था न होने पर कोर्ट ने सरकार को कड़ी फटकार लगाई है।

मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेशित किया है चार मई 2020 को जारी शासनादेश के अनुपालन में जिलाधिकारियों के माध्यम से समस्त ग्राम प्रधानों को पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराएं। जिससे सेंटर्स की व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके। कोर्ट ने तुरंत स्थिति सुधार कर रिपोर्ट फाइल करने के लिए कहा। साथ ही रिपोर्ट की प्रति सचिव स्वास्थ्य को उपलब्ध कराते हुए उन्हें आदेश किया है कि रिपोर्ट में अंकित की गई कमियों पर सुधार करते हुए प्रगति आख्या कोर्ट में अगली तिथि तक दायर की जाए।

**अन्य जिलों में आगामी व्यवस्था बनाए:** बॉर्डर पर क्वॉरेंटाइन सेंटर्स बनाने के पूर्व के आदेश के बारे में राज्य सरकार द्वारा बताया गया चार जिलों में उनके द्वारा ऐसे सेंटर बनाए गए हैं, परंतु केंद्र सरकार द्वारा आवागमन में दी गई नई छूट के बाद वह भी कम पड़ेंगे। जिस पर राज्य सरकार को यह आदेशित किया गया है कि वह इस मामले में समस्त स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुए अन्य जिलों में आगामी व्यवस्था बनाए।

राज्य सरकार ने सचिव स्वास्थ्य, जिलाधिकारियों को आदेशित किया है कि वह समस्त ग्राम सभाओं व ग्राम पंचायतों को भरपूर मात्रा में फंड उपलब्ध कराएंगे। जिससे क्वॉरेंटाइन सेंटर्स में रहने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

**ऐसी व्यवस्था करें कि किसी को पेड न रहना पड़े:** राज्य सरकार द्वारा यह बताया गया कि जिन होटलों में 950 रुपये में किराए पर कमरे दिए गए हैं उन होटलों में बनाए गए क्वॉरेंटाइन सेंटर्स का पूरा खर्च राज्य सरकार उठा रही है। जबकि इससे अधिक किराए वाले कमरों में जो लोग रहना चाहते हैं उन्हें अपना खर्च खुद उठाना होगा। इस पर कोर्ट ने यह कहा है कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करें कि किसी को अधिक किराए के कमरे में रहने के लिए क्वॉरेंटाइन हेतु बाध्य न किया जाए।

**न्यायमूर्ति धूलिया व मैथानी की खंडपीठ में सुनवाई:** समस्त रिपोर्टों के साथ मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी जबकि राज्य सरकार न्यायालय के आदेशों के अनुपालन की रिपोर्ट कोर्ट में दायर करेगी। अधिवक्ता दुष्यंत मैनाली, सच्चिदानंद डबराल व डीके जोशी की जनहित याचिका पर एकसाथ सुनवाई न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया व न्यायमूर्ति रवींद्र मैथानी की खंडपीठ में हुई।

### जिलाधिकारियों के माध्यम से मैकेनिज्म बनाएं

कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान क्वॉरेंटाइन सेंटर्स में सुरक्षा और साफ–सफाई को लेकर किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन ग्राम सभाओं में ग्राम प्रधानों के चुनाव नहीं हो पाए हैं वहां पर क्वॉरेंटाइन सेंटर्स की व्यवस्था के लिए धनराशि वितरण की व्यवस्था हेतु राज्य सरकार जिलाधिकारियों के माध्यम से मैकेनिज्म बनाएगी।

### 11000 रैपिड टेस्ट किट वितरित किए गए

राज्य सरकार द्वारा अदालत को बताया गया कि राज्य में 11000 रैपिड टेस्ट किट वितरित कर दिए गए हैं, जिनमें से 2100 टेस्ट किट से टेस्ट भी किए जा चुके हैं। शेष किट्स के सैंपल की रिपोर्ट आना अभी बाकी है। इस पर भी अदालत ने राज्य सरकार को सेंपलिंग और टेस्ट किट के वितरण की प्रगति के बारे में 14 दिन के अंदर लिखित रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा है।

## न्यूज डायरी

### मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले चढ़े एसओजी के हत्थे

**संवाददाता** पिथौरागढ। सीमांत जनपद की तहसील क्षेत्रों में इन दिनों मादक पदार्था की तस्करी करने वालों पर पिथौरागढ की एसओजी व क्षेत्रीय धारचूला थाना क्षेत्राधिकारी की टीम की कडी सख्ताई के चलते तस्करों के हाथ पांव कांप रहे है। सोमवार की सांय दो युवकों को मुखबिर की सूचना पर जनपद पिथौरागढ़ मार्ग में कार के माध्यम से मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले धारचूला तहसील के दो अभियुक्तों नरेन्द्र बिष्ट पुत्र रूकुम सिह बिष्ट उम्र 32 वर्ष सुमदुग ध ।ारचूला व अर्जुन सिह पुत्र दौलत सिह जेठा निवासी न्यू सोबला को एक किलो पांच सौ ग्रम चरस के साथ वाहन सहित पकड़कर धारचूला के थाने में हिरासत में लिया है। इस दौरान अभियुक्तों को पकड़ने वाले में एसओजी प्रभारी हेम चन्द्र तिवारी प्रकाश चन्द्र पांडे उपनिरीक्षक अनिल मर्तोलिया बंलवंत वलदिया व संदीप चंद अशोक बुद्वियाल व मनीष कुमार शामिल थे।

### क्वारंटाइन पूरा कर घरों को लौटै प्रवासी

**संवाददाता** पिथौरागढ़। बाहरी प्रदेशों के रेड जोन से आए तेरह प्रवासी चौदह दिन का क्वारंटाइन पूरा कर अपने अपने घरों को भेज दिये गये है। क्वारंटाइन से घर भेजे गये प्रवासियों के चेहरों में खुशी देखने को मिली है। वही ये प्रवासी अपने अपने घरों को जाने से पहले सवाधानी बरतने का संकल्प लेकर अपने घरों को रवाना हुए। क्वारंटाइन कर चुके इन प्रवासियों के चौदह दिन पूरे होने के बाद मेडिकल जांच कर घर भेजे जाने के समाचार मिले है।

### महिला संगठन निभा रहे है अग्रणी भूमिका

**संवाददाता** पिथौरागढ़। ग्रम पंचायत में बने चार क्वारंटाइन सेंटरों में जिसमें दर्जनों की तादात में प्रवासी रह रहे है। इन प्रवासियों के लिए रूगडी का महिला संगठन इन प्रवासियों के भोजन व्यवस्था से लेकर अन्य जरूरतों की पूर्ति के लिए अग्रणी भूमिका निभा रहा है। बता दें कि वही ये महिला संगठन क्षेत्र में आये प्रवासियों के प्रति भेदभाव रखने वालों को भी जनजागरूक करने में लगे हुए है।

### आसुस ने टीयूएफ गेमिंग लैपटॉप और आरओजी डेस्कटॉप की नई रेंज लॉन्च की

**संवाददाता** देहरादून। शानदार गेमिंग अनुभव प्रदान करने के लिए अपने विजन के साथ, प्रमुख टेक कंपनी आसुस ने भारतीय यूजर्स के लिए टीयूएफ गेमिंग लैपटॉप और आरओजी डेस्कटॉप की नई रेंज लॉन्च की है। ब्रांड ने टीयूएफ सीरीज के अंतर्गत दो मॉडल, ए15 और ए17, पेश किया है जिनमें नये7 नैनोमीटर एएमडी राइजेन 4000 सीरीज के मोबाइल प्रोसेसर की सुविधा है। ए15 में बोनफायर ब्लैक और एक फोर्ट ग्रे वर्जन है, जबकि ए17 फोर्ट्रेस ग्रे वर्जन में उपलब्ध होगा।

### कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने की मुकदमा दर्ज कराने की मांग

**संवाददाता** पिथौरागढ। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज को कोरोना पाजिटिव पाये जाने के बाद जिले के कांग्रेसी आक्रोशित हो गये है। कांग्रेस कमेटी के जिलाअध्यक्ष त्रिलोक महर ने अपनी जिले के सदस्यों की टीम के साथ मिलकर राज्यके राज्यपाल को पत्र भेजकर यह मांग रखी है कि कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज जो कि अपनी पत्नि के साथ खुद भी कोरोना पाजिटिव निकलकर कैबिनेट की बैठक मे शामिल होकर इधर से उधर निकले।

वही एक ओर जहां कोई कोरोना पाजिटिव निकल रहा है तो उसको क्वारंटाइन करने के साथ उसपर मुकदमा दर्ज होने के प्रयास किये जा रहे है। वही सतपाल महाराज पर मुकदमा करने की कारवाई क्यों नही हो रही है। बता दें कि जिले मेंकांग्रेस पाटी के लोगों ने इस मामले पर खासी नाराजगी जाहिर की है।



**भैरव सेना ने वन्य जीवों को भोजन कराया**

**संवाददाता** देहरादून। भैरव सेना के कार्यकर्ताओं ने पांचवे स्तर के लॉकडाउन के पहले मंगलवार को लॉकडाउन के प्रथम चरण से शुरू हुए सेवा कार्य को आगे आगे बढ़ाते हुए भैरव सेना के कार्यकर्ताओं के द्वारा ऋषिकेश, मणि माई मंदिर, लक्ष्मण सिद्ध मंदिर एवं लच्छीवाला के आसपास के जंगलों में आम इंसानों पर आश्रित अर्ध वन्य जीव, बंदरों को 151 दर्जन केले, भूखी गायों को भूसा और हरी घास का भोजन करवाया। इस अवसर पर इस कार्य में प्रदेश अध्यक्ष संदीप खत्री, प्रदेश सचिव आचार्य उमाकांत भट्ट एवं जिला संगठन महामंत्री मुन्ना बजरंगी का सहयोग रहा।

# वैश्विक महामारी के चलते 24 घंटे निभा रहे है जिम्मेदारी

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

■आइसोलेशन वार्ड में डयूटी निभाते हुए गर्व महसूस कर रहे है स्वास्थकर्मी

पिथौरागढ़। जिला चिकित्सालय में बनाये गये आइसोलेशन वार्ड में लगे स्वास्थ कर्मी अपनी जान की बगैर प्रवाह किये बिना ही चौबीस घंटें तक अपनी जिम्मेदारी का पूरा निर्वाहन कर रहे है।

जानकारी के मुताबिक जिला चिकित्सालय में कोरोना संदिग्ध मरीजों के लिए अडतालीस बैड के तीन अलग अलग आइसोलेशन वार्ड बनाये गये है। इन वार्डो में क्वारंटाइन सेटरों में क्वारंटाइन कर रहे लागों का स्वास्थ खराब होने पर उनकों यहां भर्ती किया जा रहा है। इनके सैपलों की जांच रिपोर्ट आने तक इनकों दस दिन तक होम क्वारंटाइन की सलाह देते हुए छुट्टी दी जा रही हैं।

जिले में वर्तमान में पेइंग वार्ड के आइसोलेशन वार्ड में 15 संदिग्ध मरीज भर्ती हैं जिनमें दो महिलाएं व दो भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवान भी शामिल है। इन मरीजों को जिले के चंडाक नाचनी व तल्लीसार पुनेडी विवेकानंद मेल डुंगरी के क्वारंटाइन सेंटरों से जिला अस्पताल में लाया गया है। इन मरीजों की देखभाल करने में लगाये गये स्वास्थकर्मी इस वैश्विक महामारी में भी अपनी जिम्मेदारी महत्वपूर्ण तरीके से निभा रहे है।

बता दें कि जहां कोरोना संक्रमण के चलते संक्रमण से बचने के लिए जिले के लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डर रहे है वही ऐसे में ये स्वास्थकर्मी अपनी जिम्मेदारी का पूरा फर्ज अदा करने में सबसे आगे है। कोरोना काल में जिले के इन स्वास्थकर्मियों को वास्तविक तौर पर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

बता दें कि इन वार्डो में मरीजों की सेवा में जुटे स्वास्थयकर्मियों का कहना है कि वार्ड में भर्ती मरीजों को किसी तरह की कोई भी वे परेशानी नही होने देते। आइसोलेशन वार्ड में मरीजों की सेवा में जुटे स्वास्थयकर्मी हैं डां एसएस कुंवर फिजीशियन, रविन्द्र वलदिया व ललित प्रसाद राजेश्वरी चंद उपचारिका,दीपा रावत उपचारिका,उमेश जोशी फार्मासिस्ट वार्ड ब्वाय सुरेश गिरी आदि शामिल है।

### सोलन में फंसे उत्तराखण्ड के युवाओं को टैक्सी से भेजा घर

**संवाददाता** देहरादून। सोलन शहर में रेस्टोरेंट में काम करने वाले उत्तराखण्ड के युवा कफ्यू के कारण फंसे हुए थे लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनकी मदद् करके उनको उत्तराखण्ड में उनके घर भेजा। नगर परिषद के पूर्व पार्षद व कांग्रेस नेता अमन सेठी ने बताया कि सोलन में फंसे उत्तराखण्ड राज्य के कुछ युवाओं ने उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के एडवाइजर व सचिव ए.आई.सी.सी. संजय चौधरी सम्पर्क कर मदद की गुहार लगाई। अमन सेठी ने बताया कि फोन पर मैंने उन युवाओं की डिटेल उनसे साझा की तथा हरीश रावत के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन से पूरी औचारिकता कराने के बाद टैक्सी की व्यवस्था करके इन युवाओं को उनके घर भेजा और उनको होम क्वांरनटाइन पर रखा गया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस सुरेन्द्र सेठी, पूर्व जिलाध्यक्ष राहुल ठाकुर, अरूण शर्मा व संजय भण्डारी, रोहित शर्मा आदि उपस्थित रहे।